आयुष्मान भारत योग शिक्षक परीक्षा (YAKKPS) – 2020 को संपन्न कराये जाने के आयोजन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत |

(1.) पृष्ठ भूमि और तर्क आधार

बालकों के मानसिक/शारीरिक विकास के लिए अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23 की उप- धारा -1 के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 10 /01/2020 की आयुष्मान भारत रोजगार योजना की जारी सूचना के तहत कक्षा 1 से कक्षा 12 तक योग शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने हेतु किसी व्यक्ति के लिए न्यूनतम योग्यताएं निर्धारित की गयी है |

योग शिक्षक के लिए व्यक्ति को **आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)** द्वारा प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है **आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)** द्वारा इस परीक्षा का उद्देश्य ये है की गुणवत्ता के आधार पर ही योग शिक्षक की नियुक्ति की जा सकेगी | जिसके फल स्वरुप बालको को अच्छा योग टीचर मिल पाएगा |

(2.) उपरोक्त व्यवस्था के अनुपालन के लिए **आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्थान** द्वारा कुछ महत्वपूर्ण मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित किये गए है | गत परीक्षाओ में आने वाली कठिनाइयों एवं ऑनलाइन आवेदन की तकनिकी संरचना में विशेष ध्यान रखा गया है |

(3.) एक योग शिक्षक के रूप में नियुक्ति का पात्र होने हेतु एक व्यक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में **आयुष्मान भारत (YAKKPS -2020)** को शामिल करने का तार्किक आधार इस प्रकार है-

1. यह भर्ती प्रकिर्या में गुणवत्ता लाएगी |
2. ये शिक्षक संस्थानों और इन संस्थानों में के शिक्षक और छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास के लिए प्रेरित करेगा |
3. इससे सभी सम्बंधित को एक सन्देश जायेगा कि **आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्थान** गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है|
4. **आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्थान** बालकों के विकास ले लिए तत्पर है

4. संक्षिप नाम

ये मार्गदर्शी सिद्धांत **आयुष्मान भारत "योग टीचर"** के रूप में जाने जायेंगे |

5. **आयुष्मान भारत (YAKKPS -2020)** का आशय आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्थान (ट्रष्ट) से है |

6. परीक्षा की अवधि तथा स्वरुप –

- परीक्षा की अवधि दो घंटे मतलब 120 मिनट की होगी |
- परीक्षा के समस्त प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे , प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे |
- नकारात्मक मूल्यांकन नहीं होगा |

7. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का माध्यम

अभ्यर्थी आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) के आवेदन के लिए **आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्थान** की अधिकृत वेबसाइट **https:\\www.ayushmanyog.org.in** पर लॉगिन करें आवेदन फॉर्म की प्रस्तुति से पहले वंहा दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ना आवश्यक है | आवेदन फॉर्म की प्रस्तुति से पहले निम्नलिखित तैयारियां आवश्यक है –

- अभ्यर्थी के पास ऑनलाइन आवेदन के समय नवीनतम फोटोग्राफ और हस्ताक्षर (JPEG के प्रारूप) में अपलोड करने के लिए स्कैन इमेज होनी चाहिए |
- आवेदन पत्र पूरित करने से पूर्व अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन प्रकिर्या के सापेक्ष जिसमे परीक्षा शुल्क भी सम्मलित होगी |
- आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात आवेदन की अंतिम प्रस्तुति के लिए शुल्क जमा करने के साक्ष्य के लिए आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात आवेदन की अंतिम प्रस्तुति के लिए शुल्क जमा करने के साक्ष्य के लिए शुल्क भुगतान की ट्रांजेक्शन आई डी अपने पास रखेंगे |
- अभ्यर्थी का ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार्य होगा इस सन्दर्भ में अभ्यर्थी फॉर्म डाउनलोड कर उसमे अपना फोटो और अपना आई -डी प्रूफ की फोटोकॉपी और शुल्क जमा करने की कॉपी लगाकर फॉर्म पर दिए गए पते पर डाक द्वारा भेज सकते हैं | शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी किसी भी जन सेवा केंद्र से संपर्क कर सकता है |

8. पात्रता

आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) की परीक्षा में शामिल होने के लिए निम्नलिखित व्यक्ति पात्र है:-

8.1 आयुष्मान भारत "सहायक योग टीचर":

- **आयुष्मान भारत "सहायक योग टीचर"** के लिए अभ्यर्थी किसी भी बोर्ड से **इंटरमीडिएट 45 प्रतिशत**
  अंको के साथ उत्तीर्ण करना आवश्यक है |
- अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु **18 वर्ष** से कम और **35 वर्ष** से कम नहीं होनी चाहिए |
- अभ्यर्थी किसी भी तरह से **कुपोषित या दिव्यांग** नहीं होना चाहिए|

8.2 आयुष्मान भारत योग टीचर

- **आयुष्मान भारत "योग टीचर"** के लिए अभ्यर्थी किसी भी यूनिवर्सिटी से स्नातक होना आवश्यक है|
- अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु **18 वर्ष** से कम और **35 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए नहीं होनी चाहिए |
- अभ्यर्थी किसी भी तरह से **कुपोषित या दिव्यांग** नहीं होना चाहिए| और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए |

9. टिपण्णी:-

- अनुसूचित जाति /अनुसूची जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग/ विशेष आरक्षण श्रेणी के अभ्यर्थियों को पात्रता हेतु न्यूनतम शैक्षिक अर्हता में 5 प्रतिशत अंकों के छूट की अनुमति होगी |
- जो अभ्यर्थी अपने स्नातक के अंतिम वर्ष में हैं वो अभ्यर्थी भी **आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)** की परीक्षा के पात्र बनने के लिए योग्य है |
- ऐसा अभ्यर्थी जिसके पास उपर्युक्त योग्यता नहीं होगी वह **आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)** की पात्रता परीक्षा में शामिल होने का पात्र नहीं होगा |
- **आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्था** के पास 5 प्रतिशत सीटों का मैनेजमेंट कोटा होगा | मैनेजमेंट कोटे के लिए भी अभ्यर्थी को आयुष्मान भारत परीक्षा उत्तीर्ण करना और दी गयी योग्यता होना आवश्यक होगा |

10. आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) की संरचना व विषय वस्तु :-

- आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) में सभी प्रश्न एक सही उत्तर के साथ चार विकल्प वाले बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा |नकारात्मक मूल्याँकन नहीं होगा |
- **आयुष्मान भारत योग टीचर और आयुष्मान भारत "सहायक योग टीचर"** दोनों का परीक्षा प्रारूप एक जैसा होगा, और दोनों का प्रश्न पत्र भी एक ही होगा |

11. आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) की परीक्षा के लिए:-

- परीक्षा की अवधि 2 घन्टे अर्थात 120 मिनट की होगी |
- परीक्षा में केवल 120 प्रश्न होंगे |
- प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा|
- संरचना एवं विषय सूची (अनिवार्य)
- प्रश्न पत्र का माध्यम "हिंदी" अथवा "अंग्रेजी " दोनों भाषाओं में होगा
- प्रश्न पत्र ओ0एम0आर0 शीट पर होगा

क्र0 सं0	विषय वस्तु	प्रश्नों की संख्या	अंक
1.	भाषा (हिंदी)	20 MCQs	20
2.	योग एवं खेल-कूद	20 MCQs	20
3.	सामान्य ज्ञान	20MCQs	20
4.	गणित और विज्ञान	20 MCQs	20
5.	अंग्रेजी	20 MCQs	20
6.	पर्यावरण अध्ययन	20MCQs	20
	कुल	**120MCQs**	**120**

12. प्रश्नो की प्रकर्ति और स्तर-

- हिंदी भाषा में प्रश्न, अनुदेशों के माध्यम से सम्बंधित निपूर्णताओ पर केंद्रित होगा |
- योग एवं खेल-कूद के प्रश्न व्यव्हार और गुणवत्ता के आधार पर केन्द्रित होंगे |
- सामान्य जागरूकता गत तीन वर्षो में से होंगे |
- गणित और विज्ञान के प्रश्न समस्या समाधान करने की क्षमताओं पर केन्द्रित होंगे एवं स्तर इंटरमीडिएट का रहेगा |
- अंग्रेजी के प्रश्न इंटरमीडिएट स्तर के रहेंगे |

13. अर्हक अंक:

- **आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)** में शामिल होने वाले अभ्यर्थी के अंकों का विवरण वेबसाइट पर जारी किया जायेगा |
- पूर्णांक **120 में से 72 अंक अर्थात 60 प्रतिशत** और अधिक अंक प्राप्त करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को पात्रता पत्र जारी किया जायेगा
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 50 प्रतिशत अर्थात **120 में से 60** अंक होगा |
- **आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)** में अहर्ता प्रपात करने से किसी व्यक्ति को भर्ती का अधिकार नहीं होगा क्योंकि यह नियुक्ति के लिए केवल पात्रता मानदंडों में से एक हैं |
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओएमआर उत्तर पत्रक में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने, गलत रजिस्ट्रेशन संख्या भरने एवं दिए गए प्रश्नों के गोले को काला न करने पर या पूर्ण तरह से न भरने पर उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस

सन्दर्भ में किसी भी प्रकार के प्रत्यावेदन विचारणीय नहीं होंगे इसके लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी परीक्षा के समय प्रश्न पुष्टिका में दिए गए निर्देशों का अनुसरण करें |

- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में केवल किये गए काले गोले के आधार पर ही अभ्यर्थी के उत्तर पत्रक का मूल्याँकन किया जायेगा |

14. काउंसलिंग:

- आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी की काउन्सलिंग की जाएगी जो अभ्यर्थी के अकेडमिक परसेंटेज के आधार पर की जाएगी |
- काउन्सलिंग के लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर अपना नाम चेक करने पर संस्था द्वारा चयन किये गए काउन्सलिंग केंद्रों पर अपने ओरिजिनल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा |
- काउन्सलिंग दिनांक अभ्यर्थी के रोल नंबर के अनुसार संस्था की वेबसाइट पर दी जाएँगी |
- अभ्यर्थी को काउन्सलिंग शुल्क 500 रुपए जमा करना अनिवार्य होगा |
- काउन्सलिंग में चुने गए अभ्यर्थीयो को ट्रेनिंग में जाने से पूर्व अपना मेडिकल और पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा |

15. ट्रेनिंग:-

- आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संस्था द्वारा तीन माह की ट्रेनिंग दी जाएगी |
- ट्रेनिंग में अभ्यर्थियों को तीन माह तक रहना, खाना-पीना संस्था द्वारा प्रदान किया जायेगा |
- ट्रेनिंग में अभ्यर्थियों को स्टाईपेंट/ वेतन संस्था की तरफ से तीन माह तक दिया जायेगा |
- ट्रेनिंग में अभ्यर्थियों को योग एवं खेल-कूद और पर्सनलिटी डेवलपमेंट की विश्वस्तरीय तरह की ट्रेनिंग दी जाएगी |
- ट्रेनिंग पूर्ण रूप से पूरी करना आवश्यक है, तत्पश्चात अभ्यर्थी की संस्था द्वारा चुने गए स्कूलों में नियुक्ति की जाएगी |
- ट्रेनिंग शुल्क ट्रेनिंग में जाने से पहले अभ्यर्थी को देना आवश्यक है | तत्पश्चात ही अभ्यर्थी ट्रेनिंग में जा पायेगा|
- ट्रेनिंग शुल्क केवल डिमांड ड्राफ्ट/ चेक /न ई एफ टी के द्वारा ही संस्था द्वारा दिए गए नाम पर ही लिया जायेगा |
- कोई भी अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देगा | अगर कोई अभ्यर्थी किसी व्यक्ति जो संस्था में कार्यरत है उसके पास शुल्क जमा करता है तो वो शुल्क मान्य नहीं होगा |

16. अनुप्रयोजकता (Applicability):-

आयुष्मान भारत योग एवं खेल-कूद प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) शिक्षक पात्रता परीक्षा में अपेक्षित न्यूनतम प्रतिशत अथवा अंक के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी निम्नलिखित विद्यालयों में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे:-

- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उच्च स्तर सरकारी स्कूलों और गैर-सरकारी स्कूलों में जो मान्यता प्राप्त हों |
- ऐसे सभी विद्यालय जो किसी भी राष्ट्रीय बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हों |

17. आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020) प्रमाण पत्र का विवरण, वैधता अवधि व अन्य:-

- नियुक्ति के लिए आयुष्मान भारत (YAKKPS-2020)अर्हक प्रमाण पत्र की वैधता सभी श्रेणियों के लिए इसके परिणाम की घोषणा की तिथि से 2 वर्ष तक होगी |
- अर्ह अभ्यर्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने किये ऑनलाइन आवेदन की प्रति/प्रवेश पत्र / इंटरनेट से प्राप्त परीक्षाफल की प्रति के साथ भरी गयी प्रविष्टियों से संबंधित मूल अभिलेख यथा शेखिक अभिलेख, जाती प्रमाण पत्र, विशेष आरक्षण पत्र, फोटो पहचान पत्र आदि सम्बन्धित संस्था के सचिव एवं संस्थान के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा | प्रशिक्षण संस्थान, का उत्तरदायित्व होगा कि आरा अभियर्थियों के मूल अभिलेखों की जांच करते हुए अर्हता मानक से संतुष्ट होने पर, अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा |

17.1. प्रणाम पत्र में अभ्यर्थी के फोटो, वर्ग जाति एवं वि शेष आरक्षण श्रेणी में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/ संशोधन नहीं किया जायेगा, अतः इसे सावधानी पूर्ण भरें |

17.2. अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परीक्षा से लगभग 10 दिन पूर्व परीक्षा संस्था की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जायेंगे, जिन्हे अभ्यर्थी स्वम् डाउनलोड करेंगे | इस डाउनलोडेड प्रवेश पत्र के साथ ही अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मलित हो सकेंगे | प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केंद्र पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा देनी होगी |

18. आयुष्मान भारत (YAKKPS -2020) के लिए परीक्षा शुल्क:-

क्र0 सं0	वर्ग	रूपये
1.	सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी	रूपये 380/-
2.	अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति	रूपये 280/-

19. आवेदन शुल्क का उपयोग परीक्षा सम्बन्धी कार्यो के लिए वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा | इसके लिए परीक्षा संस्था द्वारा आयुष्मान भारत शिक्षक पात्रता परीक्षा के विभिन्न मदो में होने वाले संभावित व्यय हेतु बजट अनुमान तैयार कर संस्था सचिव को दिया जायेगा और शेष धनराशि संस्था में जमा की जाएगी |

अभ्यर्थी से अनुरोध है की अपना आवेदन फॉर्म स्पष्ट रूप से भरे

आपके उज्जवल भविष्य, मानसिकके और शारीरिक विकास के लिए आयुष्मान भारत योग एवं प्रशिक्षण संस्थान तत्पर है | योग और खेल-कूद के साथ अपने आने वाली पीढ़ी को एक नया रूप प्रदान करें

धन्यवाद्

आयुष्मान भारत (YAKKPS)

S. K.Chaudhary (प्रमुख सचिव)